# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–02 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश सरकार ने दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश की 22,700 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। इसके बाद प्रदेश की हर ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को आधुनिक शिक्षा संसाधन और डिजिटल युग के अनुरूप शैक्षिक प्रगति को सुनिश्चित करना है। उधर, एक अन्य निर्णय में प्रदेश सरकार ने अमृत धारा योजना में दो से 10 गाय पालने पर 10 लाख रुपए तक आसान शर्तों पर ऋण मुहैया कराने की भी तैयारी की है। योजना के तहत तीन लाख रुपए तक अनुदान के लिए किसी गारंटर की भी जरूरत नहीं होगी।

**********

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र–ईपीआईसी का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही है। इससे पहले मीडिया की खबरों में दो अलग–अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा उठा था। एक रिपोर्ट

**आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक हो सकते हैं लेकिन जनसांख्यिकी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसा अन्य ब्यौरा अलग होता है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता जिस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की मतदाता सूची में नामांकित है, वहा वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है। इसके अलावा मतदाता कहीं और वोट नहीं डाल सकता।**

आयोग के अनुसार मतदाता सूची के डेटाबेस को एरोनेट प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने से पहले विकेंद्रीकृत और मैनुअल व्यवस्था के कारण अलग–अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुछ मतदाताओं को एक ही संख्या वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र आवंटित हो गए थे। किसी भी आशंका को दूर करने के लिए पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

**********

एक नए अध्ययन के अनुसार पिछले दशक में देश में गरीबी में महत्वपूर्ण कमी आई है। प्रमुख अर्थशास्त्री सुरजीत एस. भल्ला और करण भसीन द्वारा प्रकाशित आलेख में वर्ष 2022–23 और वर्ष 2023–24 के हाल ही में जारी घरेलू खर्च के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। सर्वेक्षण के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में गरीबी के स्तर में कमी आई है। अध्ययन में दावा किया गया है कि देश में अत्यधिक गरीबी लगभग समाप्त हो चुकी है।

**********

कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के कौआसार में 10 करोड़ रुपये की लागत से नए बिजली उपकेन्द्र का निर्माण कराया जायेगा। स्थानीय विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित उपकेन्द्र से लगभग 50 से अधिक गांवों को बिजली की आपूर्ति की जायेगी।

**********

प्रयागराज महाकुंभ की वजह से काशी विश्वनाथ मंदिर में मिलने वाला तंदुल प्रसाद भी ब्रिकी के रिकॉर्ड तोड़ रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि महाकुंभ की वजह से जनवरी और फरवरी के दौरान विक्रय काउंटर के माध्यम से कुल एक हजार दो सौ सत्तर दशमल तीन छह क्विंटल तंदुल महाप्रसाद का विक्रय हुआ। यह आंकड़ा यह दर्शाता है कि भक्तों ने इस शुद्ध और पारंपरिक प्रसाद को अत्यधिक श्रद्धा और विश्वास के साथ प्राप्त किया।

**********

जौनपुर जंक्शन से होकर मुंबई, सूरत, छपरा, प्रयागराज, रायबरेली जाने वाली पांच जोड़ी ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है। ये ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। महाकुंभ में कई मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे की ओर से जौनपुर होकर जाने वाली पांच जोड़ी ट्रेनों को 18 फरवरी से 28 फरवरी तक निरस्त कर दिया गया था। अब इन ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है।

**********

रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है। सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सहरी करने के बाद रोजा रखने की नियत की। वहीं, शाम को सूर्यास्त के बाद अन्न और जल ग्रहण कर रोजा इफ्तार किया। इससे पूर्व कल रात बडी संख्या में लोग मस्जिदों में विशेष नमाज तरावीह अदा करने पहुचें। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौंवा महीना है और महीने के अंत में ईद–उल–फितर मनायी जाती है। खाड़ी देशों में आज पवित्र माह रमजान का दूसरा रोजा है। रमजान को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**********